Rajasthan Patrika (Suppl.: Parivar)

EDII

March 2, 2022
Pg.1

छोटे-छोटे बिजनेस में भी तैयार करें एक्शन प्लान

'पत्रिका' की पहल

बिजनेस को बड़ा कैसे करें

पत्रिका बिजनेस बूस्टर

राजस्थान पत्रिका

Entrepreneurship Development Institute of India

पत्रिका समूह और एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआइआइ), अहमदाबाद की संयुक्त पहल, महिलाओं को मिल रही बिजनेस को बढ़ाने से जुड़ी ट्रेनिंग।

बिजनेस को बड़ा करने के लिए आपको वार्षिक एक्शन प्लान बनाना चाहिए। लोग छोटे-छोटे बिजनेस में इन्हें प्लान नहीं करते हैं। यही कारण है कि उनका बिजनेस बड़ा नहीं हो पाता। यह कहना है ईडीआइआइ के बिजनेस ग्रोथ मेंटर मुकेश पाण्डेय का। उनका कहना है कि हर बिजनेस में तय करें कि इस वर्ष कितनी कमाई करनी है और उस लक्ष्य को पाने के लिए प्रयास भी करें।

सालाना टार्गेट जरूर बनाएं

उदाहरण के लिए मान लें कि अपने छोटे बिजनेस से वर्ष में दो लाख रुपए कमाना चाहती हैं तो एक्शन प्लान बनाते समय ध्यान रखें कि इसके लिए कितने ग्राहकों को जोड़ना होगा, कितने रुपए का सामान बेचना होगा। हर माह के हिसाब से भी योजना बनाएं, क्योंकि हर बिजनेस में एक-दो माह पीक का और एक-दो माह का समय ऐसा होता है जिसमें बिल्कुल कमाई नहीं होती है। मासिक लक्ष्य प्राप्त करने की कोशिश करें और जिस माह कम हो, उसके अगले माह में भरपाई करें। ग्राहकों को जोड़ने के लिए डिजिटल प्रमोशन, बड़े व्यक्तियों को अपने-से जोड़ें, कोई ऑफर दें या दोस्तों-रिश्तेदारों की मदद से भी ग्राहक जोड़ सकते हैं। महिलाओं की रुचि वाले सामानों की बिक्री की जानकारी महिला ग्रुप्स में भी शेयर करें।